**सेंटर फॉर डेवलेपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट)**
**भारत सरकार का दूरसंचार प्रौद्योगिकी केंद्र**
**सी-डॉट परिसर, मेहरौली, नई दिल्ली-110030**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सी-**डॉट/डीईएल/प्रशासन/2020-2021/02**

**सी-डॉटभारत सरकार द्वारा डिजिटल टेलीफोन एक्सचेंज के अभिकल्प और विकास तथा दूरसंचार में अनुसंधान करने के लिए संस्थापित दूरसंचार प्रौद्योगिकी केंद्र है ।**

**सी-डॉट, सेंटर फॉर डेवलेपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स(सीडॉट), नई दिल्ली में भोजन प्रबंध और संबद्ध सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित सेवा प्रदाताओं से दोहरी-बोली प्रणाली के तहत प्रतिस्पर्धात्मक बोली आमंत्रित करता है ।**

**1. कार्य व्याप्ति**:

उक्त कार्यों में सेंटर फॉर डेवलेपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सीडॉट), नई दिल्ली में विनिर्दिष्ट सेवा शर्तों के अनुसार भोजन प्रबंध और संबद्ध सेवाएँ उपलब्ध करवाना शामिल हैं । अन्य विवरण निविदा दस्तावेज में दिए गए हैं।

**2. दस्तावेजों का डाउनलोड और प्रस्तुतीकरण :** निविदा दस्तावेज सी-डॉट वेबसाइट www.cdot.in (सिर्फ संदर्भ के लिए) तथा केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण (सीपीपी) पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किया जा सकता है । बोलियॉ सीपीपी पर ऑनलाइन ही जमा करनी होंगी । फैक्स, ई-मेल अथवा किसी अन्य ऑफ लाइन तरीके से भेजी गईं बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा । इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा । इस निविदा के लिए बोली लगाते समय प्रति बोलीदाता केवल एक बोली नियम का पालन करना होगा ।

**3. महत्वपूर्ण समय सरणी**

| **क्रम सं.** | **विषय अनुवृत्त** | **दिनांक एवं समय** |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन की तिथि | 15 जनवरी 2021 (अपराह्न 12:30 बजे) |
| 2. | निविदा दस्तावेज डाउन लोड आरंभ तिथि | 15 जनवरी 2021 (अपराह्न 12:30 बजे) |
| 3. | स्पष्टीकरण आरंभ होने की तिथि | 15 जनवरी 2021 (अपराह्न 12:30 बजे) |
| 4. | स्पष्टीकरण समाप्ति की तिथि | 20 जनवरी 2021 (अपराह्न 12:30 बजे) |
| 5. | **बोली-पूर्व बैठक की तिथि** | **22 जनवरी 2021 (अपराह्न 3:00 बजे)** |
| 6. | बोली जमा करने की प्रारंभिक तिथि (ऑनलाइन) | 23 जनवरी 2021 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| 7. | बोली जमा करने की अंतिम तिथि (ऑनलाइन) | 12 फरवरी 2021 (अपराह्न 12:30 बजे) |
| 8. | **निविदा शुल्क के रूप में मूल काग़ज़ी डिमांड** | 12 फरवरी 2021 (अपराह्न 12:30 बजे) |

| | | |
|---|---|---|
| | **ड्रॉफ्ट जमा करने की तिथि** | |
| 9. | बोली खोलने की तिथि– तकनीकी (ऑनलाइन) | 15 फरवरी 2021 (अपराहन 2:00 बजे) |
| 10. | बोली खोलने की तिथि-वित्तीय (ऑनलाइन) | बाद में सूचित की जाएगी |
| 11. | बोली की वैधता | निविदा जमा होने की अंतिम तिथि से 180 दिन |
| 12. | निविदा शुल्क | रु.1180/- |
| 13. | बयाना राशि (ईएमडी) | शून्य । निविदा प्रतिभूति घोषणा पत्र जमा करना होगा । |
| 14. | निष्पादन बैंक गारंटी / प्रतिभूति जमा राशि | निष्पादन बैंक गारंटी/ संविदा मूल्य की 3% राशि का डिमांड ड्रॉफ्ट- और विवरण निविदा दस्तावेज में देखें । |
| 15. | निविदा शुल्क प्रतिभूति जमा राशि के प्रस्तुतीकरण एवं निविदा पर स्पष्टीकरण हेतु अधिकृत व्यक्ति और स्थान | प्रबंधक (क्रय),<br>सेंटर फॉर डेवलेपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स,<br>सी-डॉट परिसर, मेहरौली, नई दिल्ली– 110030<br>दूरभाष : 011-26598707 |
| 16. | ईमेल पता | purchase@cdot.in |

**4. मुद्रा:**

सभी मूल्य संलग्न प्रपत्र के अनुसार सिर्फ भारतीय रुपए (आईएनआर) में ही अनिवार्य रूप से उद्धरित किये जाने चाहिये।

5. सीपीपी पोर्टल की सी-डॉट वेबसाइट से निविदा डाउनलोड करने के बाद बोलीदाता किसी भी तरीके से डाउनलोड मूल्य बोली टेम्पलेट सहित निविदा फॉर्म में छेड़छाड़ / संशोधन नहीं करेगा। यदि किसी को किसी भी तरीके से छेड़छाड़ / संशोधन करते हुए पाया जाता है, तो बोली पूरी तरह से खारिज कर दी जाएगी तथा बोली लगाने वाले को सी-डॉट के साथ व्यापार करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

**6. बोली का प्रस्तुतीकरण**

**निविदा दो भागों में ऑनलाइन में जमा की जाएगी, तकनीकी बोली और वित्तीय बोली ।**

तकनीकी बोली कवर के तहत स्कैन और अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची:क) फर्मों के रजिस्ट्रार / कंपनियों के रजिस्ट्रार के साथ पंजीकरण / उद्यम का समावेश / पंजीकरण का प्रमाण पत्र

ख) जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं पैन कार्ड की स्वत: अनुप्रमाणित प्रतियॉ ।

ग) भुगतान का प्रमाण - सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स के पक्ष में देय रु1180 / - के निविदा शुल्क के डिमांड ड्राफ्ट की स्कैन की गई प्रतिलिपि। घ) अनुलग्नक में यथा-अनुरोध सभी दस्तावेजों सहित सहित अनुलग्नक- I के अनुसार बोलीकर्ता ऐजेंसी का विवरण ।

च) शपथ-पत्र - सेवा शर्तों के अनुपालन के संबंध में अनुलग्नक II सभी निविदा की तथा

पीबीजी/प्रतिभूति जमा प्रस्तुतीकरण ।

छ) ईएमडी के स्थान पर बोली प्रतिभूति घोषणा प्रपत्र (अनुलग्नक IV के अनुसार) की स्कैन की गई प्रति ।

ज) सभी पृष्ठों पर विधिवत हस्ताक्षरित निविदा दस्तावेज की प्रति।

झ) ईपीएफ पंजीकरण की प्रति तथा ईएसआईसी पंजीकरण की प्रति ।

ट) इस निविदा दस्तावेज के दायरे में यथा-उल्लिखित भोजन प्रबंध और संबद्ध सेवाओं में न्यूनतम पॉच वर्ष के अनुभव का दस्तावेजी प्रमाण ।

ठ) प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ भोजन प्रबंध एवं संबद्ध सेवाओं में दो चालू संविदाओं की प्रतियॉ तथा उनमें से एक संविदा का निष्पादन दिल्ली एनसीआर में होना चाहिए । इन चालू संविदाओं में से एक का मूल्य 50 लाख रुपए सालाना से कम न हो ।

ड) वर्तमान संविदा की प्रति तथा पिछले पॉच वर्ष के दौरान निष्पादित संविदाओं की प्रतियॉ संलग्न करें ।

ढ) पिछले तीन वित्तीय वर्ष के वार्षिक टर्नओवर के समर्थन में दस्तावेज ।

त) प्रमुख ग्राहकों की उनके वार्षिक बिलों के साथ सूची।

**वित्तीय निविदा अनिवार्य रूप से *.xls प्रारूप में बीओक्यू मूल्य बोली निविदा स्वरूप में होना ज़रूरी है ।**

**7. निविदा शुल्क के रूप में मूल डिमांड ड्राफ्ट मुहरबंद लिफाफे में निविदा संख्या, मद (निविदा शुल्क) तथा नियत तिथि सहित महत्वपूर्ण समय सारिणी में उल्लिखित अंतिम तिथि से पहले निम्नलिखित पते पर पहुंच जाने चाहिए:**

प्रबंधक – क्रय, सेंटर फॉर डेवलेपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, सी-डॉट परिसर, मांडी रोड, मेहरौली, नई दिल्ली - 110030 दूरभाष संख्या: 011-26802856, 011-26598707 ईमेल पता: purchase@cdot.in

**8** निविदाएँ महत्वपूर्ण समय सारिणी में उल्लिखित तिथि/समय पर खोली जाएंगी । तकनीकी-बोली के ऑनलाइन खोले जाने के बाद उनकी पात्रता के परिणामों के साथ-साथ मूल्य-बोली खोले जाने की सूचना बाद में दी जायेगी।।

बोलीदाताओं को निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक किसी शुद्धिपत्र / जोड़ / संशोधन आदि के लिए सी-डॉट वेबसाइट तथा सीपीपी पोर्टल को नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी जाती है ।

****************************************************************************************************